संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

Website www.sggvscg.ac.in E-Mail id : registrarsua@yahoo.in, exam.sggvsa@gmail.com

क्रमांक/1245/परीक्षा/ विशेष परीक्षा/2026 अम्बिकापुर, दिनांक 18/09/2026

18 SEP 2026

—:: अधिसूचना ::—

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर (छ.ग.) द्वारा आयोजित की गई सत्र 2025–26 की मुख्य परीक्षा, मार्च–अप्रैल, 2026 के परीक्षा परिणाम जारी किये जा चुके हैं। विभिन्न छात्रों/छात्र संगठन की मांग पर व्यापक छात्र हित में ***विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों की मुख्य वार्षिक परीक्षा, मार्च–अप्रैल 2026 में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों तथा प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों*** का परीक्षा आयोजन किया जाना है।

अतः विशेष परीक्षा–2026 में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों की मुख्य वार्षिक परीक्षा, मार्च–अप्रैल 2026 में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों तथा प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों/परीक्षार्थियों के विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://www.sggcg.in/** में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि एवं परीक्षा आवेदन जमा करने के लिए निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है:–

क्र.	विवरण	तिथि
1	विशेष परीक्षा–2026 हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि (बिना विलंब शुल्क के)	**दिनांक 21.09.2026 से 30.09.2026 तक**
2	विशेष परीक्षा–2026 हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी एवं अंकसूची की छायाप्रति परीक्षार्थियों द्वारा संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि	**दिनांक 21.09.2026 से 01.10.2026 तक**
3	विशेष परीक्षा–2026 हेतु परीक्षार्थियों द्वारा महाविद्यालय में जमा किये गये परीक्षा आवेदनों की जॉच करने और पोर्टल में ऑनलाईन वेरीफाई करने की तिथि	**दिनांक 21.09.2026 से 03.10.2026 तक**
4	महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदनों की हार्डकॉपी एवं संलग्न दस्तावेजों को विधिवत अग्रेषित करते हुये विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि	**दिनांक 21.09.2026 से 05.10.2026 तक**

विशेष परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क, पूरक परीक्षा–2026 के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क के अनुसार ही यथावत रहेगा। विशेष परीक्षा का आयोजन पूरक परीक्षा के साथ ही किया जाना प्रस्तावित है। विशेष परीक्षा–2026 का आयोजन माह अक्टूबर–2026 में संभावित है। विस्तृत समय–सारणी शीघ्र जारी किया जायेगा। अतः निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन अनिवार्यतः करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)

पृ॰ क्रमांक/1246/परीक्षा/ विशेष परीक्षा/2026 अम्बिकापुर, दिनांक 18/09/2026

18 SEP 2026

प्रतिलिपि –

1. माननीय कुलपति के निज सचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
2. कुलसचिव, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
3. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
4. वित्त अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
5. उप कुलसचिव/ ओ.एस.डी. (गोपनीय/अकादमिक), संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
6. व्यवस्थापक, एम.आई.सी.एस. भोपाल
7. वेबसाईट प्रभारी अधिकारी, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर
   – की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. कार्यालयीन नस्ती।

17.09.2026

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा
अम्बिकापुर (छ.ग.)